
# 2 तब याद तुम्हारी आती है !


– रामनरेश त्रिपाठी

रामनरेश त्रिपाठी का जन्म 04/03/1889 को उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले के कोइरीपुर गाँव में हुआ था।। वे कवि, उपन्यासकार, नाट्यकार और आलोचक थे। उनकी मुख्य काव्यकृतियाँ–'मिलन', 'पथिक', 'स्वप्न' और 'मानसी' हैं। 'स्वप्न' पर उन्हें हिन्दुस्तान अकादमी का पुरस्कार मिला। उनकी, ''हे प्रभो आनन्ददाता, ज्ञान हमको दीजिए।''– प्रार्थना बहुत प्रसिद्ध है। उनका निधन 16/01/1992 को हुआ।


सुबह का वातावरण खुशनुमा होता है और प्रकृति का कण-कण दर्शनीय होता है। रिमझिम बारिस में सुबह का दृश्य मनमोहक और आकर्षक होता है। प्रस्तुत कविता में इसका सुंदर वर्णन किया गया है।




जब बहुत सुबह चिड़ियाँ उठकर
कुछ गीत खुशी के गाती हैं,
कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल
जब दुनिया पर मुसकाती हैं,
खुशबू की लहरें जब घर से
बाहर आ दौड़ लगाती हैं,



हे जग के सिरजनहार प्रभो,
तब याद तुम्हारी आती है।



जब छम-छम बूँदें गिरती हैं,
बिजली चम-चम कर जाती है।
मैदानों में, बन-बागों में
जब हरियाली लहराती है,



जब ठंडी-ठंडी हवा कहीं से
मस्ती ढोकर लाती है,
हे जग के सिरजनहार प्रभो,
तब याद तुम्हारी आती है।

**- रामनरेश त्रिपाठी**

**शब्दार्थ**

**चिड़िया** पंछी, पक्षी **लहर** तरंग, झोंका **सिरजनहार** सृष्टि की रचना (सृजन) करनेवाला, प्रभु **हरियाली** हरा-भरा **ढोना** बोझ उठाना

## अभ्यास

**1. प्रश्नों के मौखिक उत्तर दीजिए :**




(1) सुबह होते ही क्या-क्या होता है ?

(2) मैदानों में हरियाली कब लहराती है ?


(3) आपको प्रभु की याद कब आती है ?

(4) तुम सुबह में उठकर क्या-क्या देखते हो ?

**2. चित्र को देखिए और वचन परिवर्तन कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
|  | चिड़िया उड़ रही है। |  | ______________ |
|  | कली नहीं खिली है। |  | |
|  | बूँद गिरती है। |  | ______________ |
|  | ______________ |  | दरवाज़े खुले हैं। |
|  | ______________ |  | लड़कियाँ खेल रही हैं। |

**3. शब्दों को उचित क्रम में रखकर अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए :**









**4. सबसे तेज कौन ?**

सात-सात छात्रों को टोली बनाइए और अपने नाम के पहले वर्ण के अनुसार शब्दकोश के क्रम के मुताबिक खड़ा रहने को कहिए।

**5. नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ शब्दकोश से ढूँढ़कर तेजी से कौन बता सकता है?**

कूक, इरादा, तरुवर, मुग्ध, गुजारिश

## स्वाध्याय

**1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(1) चिड़ियाँ खुशी के गीत कब गाती हैं ?

(2) सुबह होने पर प्रकृति में कैसे बदलाव आते हैं ?

(3) पृथ्वी पर हरियाली कब छा जाती है ?

(4) हरियाली कहाँ-कहाँ दिखाई देती है ?

**2. निम्नलिखित काव्यपंक्तियों का भावार्थ लिखिए :**

(1) कलियाँ दरवाजे खोल-खोल
जब दुनिया पर मुसकाती हैं।

(2) जब छम-छम बूँदें गिरती हैं,
बिजली चम-चम कर जाती है।

**3. उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द कोष्ठक में से ढूँढ़कर वाक्य में प्रयोग कीजिए :**


(1) सुबह (2) खुशी (3) खुशबू (4) बहुत (5) मुसकाना

**उदाहरण :** सुबह – प्रात:काल

वाक्य : प्रात:काल देवालय में पूजा होती है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आ | नं | द | हँ | ल |
| सु | क | स | का | त |
| गं | ना | त: | व | न |
| ध | प्रा | श्व | ज्या | दा |

**4. इन यात्रियों को शब्दकोश के क्रम के आधार पर अपने अपने डिब्बे में बैठाइए।**




### योग्यता-विस्तार

- **इस कविता को कंठस्थ कर प्रार्थना-सभा में इसका गान कीजिए।**
- **पढ़िए :**

| | |
|---|---|
| चम-चम | खोल-खोल |
| छम-छम | ठंडी-ठंडी |

**उपर्युक्त शब्द काव्य में हैं, ऐसे ही अन्य शब्द ढूँढ़िए।**